हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 5 सितंबर 2026

04 कार-दो मोबाइल फोन सहित 37 लाख रुपए...



07 वर्षा की फुहारों के बीच शहर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भव्य...



समाचार संक्षेप

पिछले 24 घंटे में 43.2 मिमी वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 01 जून से अब तक 859.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 81.6 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1597.6 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है।अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 सितम्बर 2026 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 672.6 मिलीमीटर, बमोरी में 547.2, आरोन में 693.0, राघौगढ़ में 780.0, चांचौड़ा में 907.0, कुम्भराज में 1092.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 1327.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 43.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 79.0 मिमी., बमोरी में 54.6 मिमी., आरोन में 48.0 मिमी., राघौगढ़ में 23.0 मिमी., चांचौड़ा में 31.0 मिमी., कुंभराज में 23.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 44.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

सरस्वती स्कूल में बालक-बालिकाएं राधा-कृष्ण का स्वरुप लेकर आए



कुंभराज। जन्माष्टमी पर्व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल कुंभराज में जन्माष्टमी पर मनाया गया जिसमें छोटे बच्चों द्वारा कृष्ण स्वरूप राधा स्वरुप बनकर आए और झांकी प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में युवराज राजोरिया का उद्बोधन हुआ एवं बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। संस्था प्रमुख श्रीमती हेमलता साहू प्राचार्य द्वारा भैया बहनों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी साथ ही आचार्य परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

रामानंद विद्या संकुल में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी उत्सव



कुंभराज। स्वामी रामानंद विद्या संकुल, रामटेकरी तपोवन में दिनांक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा श्रीकृष्ण के भक्ति गीत एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चारों वेदों के विद्यार्थियों ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

चांचौड़ा। छात्राओं ने फोड़ी मटकीचाचौड़ा। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर उन्हें लड्डू, फल एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रो. नीलू एवं श्री व्यास ने 'कर्म ही पूजा है' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कर्म के महत्व और जीवन में अच्छे कार्यों की प्रेरणा दी।

निचली बस्तियों में अलर्ट जारी, सड़कों पर उतरे कलेक्टर-एसपी

नदियां आईं उफान पर, सतर्क रहने की अपील तालाब लबालब, बस्तियों में भी पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले में पिछले एक सप्ताह से जारी सुहावने और शुष्क मौसम के बाद गुरुवार शाम से मानसून ने एक बार फिर जोरदार वापसी की है। बीते 24 घंटों के दौरान शहर सहित पूरे जिले में तीन इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। गुरुवार सुबह से शुरू हुआ रिमझिम फुहारों का सिलसिला रात होते-होते तेज मूसलाधार बारिश में बदल गया, जो शुक्रवार शाम तक रुक-रुक कर जारी रहा। इस बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई है और लोगों को उमस से राहत मिली है, वहीं नदी-नाले उफान पर आने से जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है।

लगातार हुई बारिश के कारण शहर का भुजरिया तालाब पूरी तरह भर चुका है और ओवरफ्लो होने लगा। उधर भगत सिंह कॉलोनी के पास बहने वाला नाला-नदी उफान पर आ गया, जिससे पानी रिहाइशी इलाकों और लोगों के घरों के दरवाजों तक पहुंच गया। शहर के बीच से गुजरने वाली गुनिया नदी में भी जलस्तर तेजी से बढ़ा है, जिसे देखते हुए तटीय व निचली बस्तियों में अलर्ट घोषित किया गया है। इसके अलावा सिंगवासा तालाब भी ओवर फ्लो होने लगा।

मौसम विभाग द्वारा आगामी 48 घंटों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त किए जाने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन से उफनते नदी-नालों, रपटों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। साथ ही जर्जर मकानों और बिजली के खंभों के पास न जाने की हिदायत दी गई है। किसी भी आपात स्थिति या जलभराव की सूचना देने के लिए प्रशासन ने 24 घंटे सक्रिय रहने वाले कंट्रोल रूम नंबर जारी किए हैं। जिसमें जिला कंट्रोल रूम 07542250415, नगर पालिका कंट्रोल रूम 9754507311, 9039815644, 7697252077, होमगार्ड कंट्रोल रूमः 07542252266, 9425762487 आदि नंबर जारी किए हैं। जिले में लगातार हो रही बारिश और अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने शुक्रवार को शहर एवं आसपास के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सिंगवासा तालाब, नानाखेड़ी पुल, मणिधारी गार्डन के सामने की पुलिया, दो खंभा क्षेत्र, भुजरिया तालाब होते हुए गोपीकृष्ण सागर बांध पहुंचकर वर्षा, जलस्तर एवं जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को जलस्रोतों एवं पुल-पुलियों से दूर रहने की समझाइश दी तथा अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने बारिश की स्थिति को देखते हुए मणिधारी गार्डन के सामने स्थित पुलिया, दो खंभा क्षेत्र तथा भुजरिया तालाब का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखने के निर्देश दिए। इसके बाद मारुति शोरूम होते हुए अधिकारी गोपीकृष्ण सागर बांध पहुंचे।गोपीकृष्ण सागर बांध के गेट खोले, 164.44 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाएगागोपीकृष्ण सागर बांध पर एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जलग्रहण क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण लगातार पानी की आवक बढ़ रही है। बांध का जलस्तर नियंत्रित बनाए रखने के लिए गेट खोले गये। वर्तमान में गेट क्रमांक-1, 4 एवं 5 बंद हैं, जबकि गेट क्रमांक-2 को 0.50 मीटर और गेट क्रमांक-3 को 1.00 मीटर खोला गया है। इस प्रकार कुल 1.50 मीटर गेट खोलकर 164.44 क्यूमेक्स जल निष्कासित किया जा रहा है।

चोपट नदी किनारे बसे लोग रहे सतर्क

बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति को देखते हुए रूठियाई क्षेत्र में चोपट नदी के तट किनारे बसे गांवों के नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। रूठियाई, अजरोड़ा, ब्रसंगपुरा, दावतपुरा, बालाभेंट, कोटरा एवं भुलाय गांवों के नागरिकों से अपने मवेशियों को चोपन नदी के किनारे से दूर रखने को कहा गया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि जब तक तेज बारिश हो रही है, तब तक डैम क्षेत्र में लोगों की आवाजाही एवं बोटिंग बंद रखा जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को डैम के आसपास जाने से रोका जाए।

यादव समाज ने निकाली श्रीकृष्ण की शोभायात्रा

डीजे की धुन पर थिरके युवा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को यादव समाज द्वारा अखिल भारतीय यादव महासभा के तत्वावधान में एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्ति और उल्लास से सराबोर यह यात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा, हाट रोड और सदर बाजार जैसे प्रमुख मार्गों से होती हुई लक्ष्मीगंज पहुंची, जहां इसका समापन एक विशाल आमसभा के रूप में हुआ। शोभायात्रा में भारतीय संस्कृति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। यात्रा के अग्रभाग में घोड़ों पर सवार समाज के वरिष्ठजन मार्गदर्शक के रूप में चल रहे थे, तो वहीं उनके पीछे युवा वर्ग डीजे की सुमधुर भजनों की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहा था। एक सुसज्जित रथ में बाल-कलाकार भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा के दिव्य स्वरूप में विराजमान थे, जिनका दर्शन कर मार्गभर श्रद्धालु भाव-विभोर होते रहे।

पालकी में विराजे बालगोपाल

पालकी में विराजे बालगोपाल का शहरवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। शोभायात्रा के लक्ष्मीगंज पहुंचने पर आयोजित आमसभा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, जहां आमंत्रित कलाकारों ने कृष्ण भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उधर, शहर के प्रमुख गोपाल मंदिर और खाटू श्याम मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। देर रात 12 बजे महाआरती के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसके उपरांत बैजू चौराहे में पारंपरिक मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

घर की दीवार में छेद कर घुसे चोर

चांदी की करधनी, सोने की बिंदिया और नकदी ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागपुर रोड पर चोरों ने एक सूने कमरे को निशाना बनाते हुए सेंधमारी की वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात बदमाश मकान के पीछे की दीवार में छेद कर अंदर घुसे और कमरे में रखी लोहे की पेटी चुराकर ले गए। पेटी में सोने-चांदी के पुश्तैनी जेवरात और हजारों रुपये की नकदी रखी हुई थी। पीड़ित तीरथ सिंह पुत्र रमेश सेन निवासी प्रयागपुर रोड बमोरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गत रात वे खाना खाकर खेत पर चले गए थे। घर के बरामदे में पिता और बगल के कमरे में छोटा भाई सो रहा था। जिस कमरे में बच्चे सो रहे थे, उसी कमरे की दीवार में पीछे से चोरों ने छेद (सेंध) कर दिया। अगली सुबह पीड़ित के छोटे भाई पुष्कर सेन ने बताया कि लोहे की खाली पेटी उसके घर के सामने पड़ी है। जब परिजनों ने कमरे की जांच की, तो कूलर के पीछे दीवार कटी मिली। पेटी में रखी चांदी की पायजेब, करधनी, चैन, बच्चों के चूड़े, सोने की बिंदिया, तीन नाक के कांटे और 4200 रुपये नकद गायब थे। बदमाशों ने पेटी से कीमती सामान और नकदी निकालकर खाली बक्सा पास में ही फेंक दिया था। काफी खोजबीन के बाद पीड़ित ने बमोरी थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रेन में यात्री का ट्रॉली बैग पार 20 हजार नकदी व सामान चोरी

बनारस से रतलाम की यात्रा कर रहे एक यात्री का कीमती सामान और नकदी से भरा ट्रॉली बैग ट्रेन से चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर ब्यावरा जीआरपी द्वारा दर्ज की गई जीरो एफआईआर के आधार पर अब जीआरपी थाना गुना ने असल अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी वैभव राय (29) ट्रेन संख्या 20962 बनारस-उधना एक्सप्रेस के कोच ॥-1 की सीट नंबर 10 पर सफर कर रहे थे। 3 सितंबर की सुबह ट्रेन गुना स्टेशन पहुंचने से ठीक पहले जब वे बाथरूम से लौटकर अपनी सीट पर आए, तो बर्थ के नीचे रखा उनका बैग गायब मिला।

जिला अस्पताल के वार्ड को ही बना दिया नशे का अड्डा!

बाथरूम में मिली स्मैक की सामग्री सिरिंज और एविल इंजेक्शन, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला अस्पताल में अब नशेड़ियों के कारण अस्पताल प्रबंधन से लेकर आम मरीज तक परेशान हैं। गत रात तो सर्जिकल वार्ड में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। यहां भर्ती एक युवक से मिलने आए उसके दो साथी उसके साथ वार्ड के ही बाथरूम में पहुंच गए। यहां तीनों ने अंदर से गेट बंद कर नशा करना शुरू कर दिया। सफाई कर्मचारी की नजर पड़ी तो मामला खुला। डॉक्टर और स्टाफ को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस बुलाई गई।

पुलिस आने की भनक लगते ही दो युवक मौके से निकल गए। जानकारी के अनुसार नदी मोहल्ला निवासी मनीष पुत्र सुनील शर्मा चोट लगने के बाद जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती था। उसके दो परिचित नशेड़ी भी उससे मिलने पहुंचे। कुछ देर बाद तीनों वार्ड के बाथरूम की तरफ गए। सफाई कर्मचारी को उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं। उसने स्टाफ को बताया कि बाथरूम बंद कर युवक नशा कर रहे हैं। मामला डॉक्टर तक पहुंचा। अस्पताल पुलिस चौकी और कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची तो दो युवक वहां से गायब हो चुके थे। वार्ड में भर्ती मनीष पुत्र सुनील शर्मा (41) से पूछताछ की गई। लेकिन पहले तो वह नशा करने की बात से इंकार करता रहा, जब उसका मुंह सूंधा गया तो स्मैक की गंध मिली। पुलिस और अस्पताल स्टाफ ने बाथरूम की जांच की। वहां स्मैक के नशे में इस्तेमाल होने वाला संदिग्ध कागज, खाली सिरिंज और एविल इंजेक्शन मिलने की बात सामने आई। पुलिसकर्मियों को मौके पर स्मैक जैसी गंध भी महसूस होने की जानकारी सामने आई है। बरामद सामग्री को लेकर जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया मरीज खुद एनडीपीएस मामले में पांच साल से फरार वारंटी था। जो शहर में खुलेआम घूम रहा था।

इनका कहना है...

हमारे संज्ञान में आया था कि नशा करने वाला एक व्यक्ति सर्जिकल वार्ड में भर्ती था। तीनों अस्पताल के बाथरूम में ड्रगस का नशा कर रहे थे। हमने पुलिस को बुलाया तो दो भाग गए। चिकित्सक ने भर्ती मरीज का डिस्चार्ज भी कर दिया। उसे मामूली चोट थी। आए दिन जिला अस्पताल में ऐसी वारदातें मिल रही हैं। यहां कुछ नशा करने वाले रात में इमरजेंसी में भर्ती हो जाते हैं। भर्ती के बाद वह वार्ड में चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। अस्पताल में पुलिस चौकी है। लेकिन हमें 24 घंटे सुरक्षा की जरूरत है।

-डॉ. सूरज सिंह, प्रबंधक जिला अस्पताल

बारिश के बीच उल्लास से मनी जन्माष्टमी, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मटकी फोड़ और बाल-स्वरूप बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन





शहर सहित पूरे जिले में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पिछले चौबीस घंटों से जारी झमाझम बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। दिनभर हल्की से तेज बारिश का दौर चलता रहा, लेकिन शाम होते ही लोग दर्शन-पूजन के लिए घरों से मंदिरों की ओर निकल पड़े। शहर में कई स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, वहीं घर-घर में नन्हें-मुन्ने बच्चों को राधा-कृष्ण के रूप में सजाकर दुलारा गया। सुबह से ही पुराना बाजार स्थित गोपाल मंदिर और नयापुरा के श्री गोपालकृष्ण मंदिर सहित सभी प्रमुख देवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में लड्डू गोपाल जी का पंचामृत से अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। पालने में विराजे बाल-गोपाल के दर्शन के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित रमन रेती वृंदावन धाम खेजरा में जन्माष्टमी की विशेष धूम देखने को मिली। पूरे धाम को मनमोहक फूलों और विद्युत झालरों से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गोवर्धन परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। शाम को ठाकुर जी को 56 भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद वृंदावन से पधारी रासलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत महारास और नंदू सांवरिया ग्रुप के भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शहर के बाजारों में भगवान के वस्त्र, मुकुट और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की चहल-पहल रही। सोशल मीडिया पर भी बच्चों के राधा-कृष्ण रूप वाले फोटो और वीडियो दिनभर छाए रहे। मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती और महाप्रसाद वितरण के साथ कृष्ण जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन संपन्न हुआ।

शासकीय विद्यालय में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

इस मौके पर शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांदीपनि, गुना में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की प्रेरणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित हुए। विद्यालय का नाम भगवान श्रीकृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि के नाम पर होने के कारण आयोजन को विशेष रूप दिया गया। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, शिक्षाओं एवं जीवन-मूल्यों से परिचित कराने के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। पहले दिन श्रीकृष्ण की शिक्षाओं एवं बाल लीलाओं पर व्याख्यान हुआ।

विद्यार्थियों को उनके जीवन-दर्शन, नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यबोध और सकारात्मक सोच के बारे में जानकारी दी गई। दूसरे एवं तीसरे दिन विद्यार्थियों ने कंस वध, कालिया मर्दन, गोवर्धन पर्वत धारण और रासलीला सहित विभिन्न प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का पूजन एवं भव्य झांकी के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और भक्तिमय वातावरण रहा। विद्यालय के प्राचार्य श्री आशीष टांटिया ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



कुम्भराज मंडल के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरुदेव भगवान रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। कलश वंदन यात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वार्ड क्रमांक 1 स्थित संत रविदास महाराज के मंदिर पहुंचकर विधिवत कलश पूजन किया। तत्पश्चात संत रविदास जी महाराज की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया और सामाजिक समरसता एवं संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना रहे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मीसाबंदी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बृजमोहन मैथिल, पूर्व अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं एल्डरमैन दयाराम बुनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश जी काकाणी, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य विक्रम मीना, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य भगवान लोया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री एवं इस अभियान टोली के सदस्य मनीष शिवहरे, मंडल महामंत्री नीरज मालवीय, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम मीना,इस अभियान संयोजक एवं पूर्व मंडल महामंत्री रामचरण अहिरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, मंडल मंत्री शिरिल जी जैन, विपिन सुमन, दिनेश साहू, पार्षद मंटीलाल भील, पार्षद दिनेश धाकड़, सोशल मीडिया प्रभारी नमन जैन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश शिवहरे, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील अहिरवार, धर्मेंद्र जी चौकसे आदि मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

रेलवे स्टेशन के रास्ते पर बेहोश मिला युवक इलाज के दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस

चांचौड़ा। चांचौड़ा रेलवे स्टेशन के समीप रास्ते पर शुक्रवार सुबह एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर उसे उपचार के लिए बीनागंज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुमंत 21 वर्ष पिता मोहन प्रजापति, निवासी टोडी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक द्वारा कोई जहरीला पदार्थ खाए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

मंडी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन, सुमित सोढ़ानी बने संरक्षक



चांचौड़ा। मंडी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन करते हुए एसोसिएशन की जिम्मेदारियां सौंपीं। नई कार्यकारिणी में सुमित सोढ़ानी को सर्वसम्मति से संरक्षक बनाया गया। वहीं निक्की साहू को अध्यक्ष, राकेश साहू एवं अरुण शिवहरे को उपाध्यक्ष, गोपाल गुप्ता को पियूष पालीवाल कोषाध्यक्ष, सचिन प्रिया शिवहरे को सह-सचिव तथा मनीष त्रिपाठी को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी के गठन पर सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के हित में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा मंडी से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करने की बात कही।

प्रधानाध्यापक को स्कूल स्टाफ ने सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



राघौगढ़। शासकीय प्राथमिक विद्यालय गणेशपुरा राघोगढ़ में कार्यरत शिक्षिका सुनिता शर्मा प्राथमिक शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यापक को अपनी 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुई हैं। उनका कार्यकाल मिलनसार एवं सराहनीय रहा है। उन्होंने अपनी सेवा 30 वर्ष इस विद्यालय को समर्पित किए । इनकी सेवा निवृत के बाद विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार अफसर अली पर रहेगा । सेवानिवृत सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षक अफसर अली रक्षा बरोनिया उपस्थित रहे। उनके परिवार से गोपाल कृष्ण शर्मा राजेरा शर्मा मुकेश शर्मा रिंकू शर्मा आशीष शर्मा सचिव गांव से पधारे हुए रामसिंह परिहार अशोक सिंह परिहार मोहन सिंह परिहार रणधीर सिंह परिहार रामबाबू केबट उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन अफसर अली प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया ।

पुलिस ने रिफंड खेल का किया पर्दाफाश, मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

कार-दो मोबाइल फोन सहित 37 लाख रुपए कीमत का मशरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कैंट थाना पुलिस टीम ने ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म अमेजन की रिफंड प्रक्रिया का दुरुपयोग कर महंगे मोबाइल फोन हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है । मामले में मुख्य आरोपी शेखर मीना एवं उसके सहयोगी तरुण शर्मा को गिरफ्तार किया गया है । धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब दिनांक 31 अगस्त 2026 को एक व्यक्ति द्वारा कैंट थाने में शिकायत की गई कि शेखर मीना नामक व्यक्ति ने अमेजन एप पर लगभग 65 हजार रुपये कीमत का वनप्लस मोबाइल फोन उसे मात्र 45 हजार रुपये में देने का लालच दिया तथा एडवांस के रूप में 12 हजार रुपये प्राप्त कर लिए । इसके बाद शेखर मीना ने उसे न तो मोबाइल उपलब्ध कराया और न ही उसकी राशि वापस की । शिकायत की जांच के दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध शेखर मीना को तलब कर पूछताछ की गई । पूछताछ में ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से बड़े स्तर पर की जा रही धोखाधड़ी का चौंकाने वाला खुलासा हुआ । पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शेखर मीना अमेजन एप पर फर्जी नामों एवं अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कई यूजर आईडी/अकाउंट तैयार करता था । इन अकाउंट से महंगे मोबाइल फोन प्री-पेड भुगतान कर ऑर्डर किए जाते थे । मोबाइल की डिलीवरी आने पर आरोपी डिलीवरी कर्मचारी को घर पर मौजूद नहीं होने की बात कहकर पार्सल की डिलीवरी होल्ड करवा देता था । इसके बाद अमेजन की रिफंड प्रक्रिया का अनुचित लाभ उठाकर ऑर्डर की पूरी राशि अपने बैंक खाते में रिफंड के रूप में प्राप्त कर लेता था । रिफंड प्राप्त करने के बाद आरोपी संबंधित कूरियर कंपनी के कर्मचारियों से संपर्क कर उसी मोबाइल का पार्सल भी प्राप्त कर लेता था । आरोपी एक ओर मोबाइल की पूरी कीमत रिफंड के रूप में वापस प्राप्त करता और दूसरी ओर वही मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लेता था । पूछताछ में इस नेटवर्क में अन्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की जानकारी सामने आई है, जिन्हें पुलिस द्वारा चिन्हित कर धोखाधड़ी के इस नेटवर्क में शामिल मुख्य आरोपी शेखर मीना सहित कुल 14 आरोपियों के विरुद्ध थाने में अपराध क्रमांक 758/26, धारा 318(4), 319(2), 316(2), 61(2) बीएनएस एवं 66(C), 66(D) आईटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

खेल परिसर में सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को लेकर एबीवीपी सख्त

एसपी को 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी हितिका वासल को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के नगर मंत्री अभिषेक यादव के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में गुना के अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड और खेल परिसर में खिलाड़ियों की सुरक्षा, नशे पर रोक और मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की गई है। ज्ञापनों में बताया गया कि खेल परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास के लिए आते हैं, लेकिन वहां सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव है। एबीवीपी ने प्रशासन के समक्ष 15 प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें खेल परिसर व आसपास नशे का सेवन व अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक, नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने, शाम के वक्त पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और असामाजिक व अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग शामिल है।

इसके अलावा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए स्थायी शौचालय, वाटर कूलर/आरओ से स्वच्छ पेयजल, नियमित साफ-सफाई व कचरा प्रबंधन, चेंजिंग रूम, सुरक्षा हेतु चौकीदार की मांग की गई।

सांदीपनि विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांदीपनि, गुना में भगवानकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की प्रेरणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित हुए। विद्यालय का नाम भगवानकृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि के नाम पर होने के कारण आयोजन को विशेष रूप दिया गया। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को भगवानकृष्ण के जीवन, शिक्षाओं एवं जीवन-मूल्यों से परिचित कराने के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। पहले दिनकृष्ण की शिक्षाओं एवं बाल लीलाओं पर व्याख्यान हुआ। विद्यार्थियों को उनके जीवन-दर्शन, नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यबोध और सकारात्मक सोच के बारे में जानकारी दी गई। दूसरे एवं तीसरे दिन विद्यार्थियों ने कंस वध, कालिया मर्दन, गोवर्धन पर्वत धारण और रासलीला सहित विभिन्न प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। चौथे दिन भगवानकृष्ण का पूजन एवं भव्य झांकी के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और भक्तिमय वातावरण रहा।

विद्यालय के प्राचार्य आशीष टांटिया ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवानकृष्ण का जीवन ज्ञान, कर्म, साहस, नेतृत्व और कर्तव्यबोध की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों से कृष्ण के जीवन-मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

आर्यसमाज मंदिर में धूमधाम और उत्साह से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जब चहुं और स्वार्थ, संकीर्णता जनित हिंसा से संपूर्ण विश्व त्रस्त है। युवा अपने स्वर्णिम गौरवशाली अतीत से विमुख होकर शिक्षित होते हुए भी निराश हताश होकर बड़ी संख्या में अराजक कुसंस्कारी गतिविधियों और अपराधों की और अग्रसर हो रहा है। ऐसे हताशा और निराशा से परिपूर्ण समाज में योगेश्वर श्री कृष्ण आशा और विश्वास का सूर्योदय हैं। उन्होंने बाल्यावस्था से ही पग पग पर उपस्थित प्रत्येक प्रतिकूलता में भी धैर्य,दूरदर्शिता, और पराक्रम से जिस प्रकार विजय प्राप्त की । उनके व्यक्तित्व का यह विशेषण आज के किशोर और युवाओं के लिए पग पग पर मार्गदर्शन का कार्य करता है। इसके लिए प्रत्येक युवा को नित्य भगवद्गीता के न्यूनतम पांच श्लोकों का अर्थ सहित स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए। उक्त प्रबोधन आज आर्यसमाज मंदिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में वैदिक विद्वान पं. तुलसीदास दुबे ने दिया। इससे पूर्व यज्ञ वेदी पर सभी जाति,बिरादरी,मत,पंथ के बंधु,भगिनी ने साथ बैठकर वेदमन्त्रों से लोकमंगल की कामना से श्रद्धा भक्ति से आहुतियां दी। सुखी बसे संसार सब दुखिया रहे न कोय प्रार्थना उपरांत मंत्री पं. हरिदत्त शर्मा ने भूमिका रखी । बाबूलाल गोयल,पं.अमित शर्मा और भगिनी बिंदुमती जी के कृष्णभक्ति और पराक्रम के सुमधुर भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । पं. दुबे ने श्री कृष्ण के स्कर्मण्येवाधिकारस्तेर के संदेश की व्याख्या करते हुए कहा कि श्री कृष्ण के वास्तविक और प्रामाणिक जीवन चरित्र को जानने के लिए घर घर में महाभारत और भगवद्गीता का स्वाध्याय करना परमावश्यक है । क्योंकि इन प्रामाणिक ग्रंथों में श्री कृष्ण को सर्वत्र पूर्णतः निर्दोष चरित्र का वेदज्ञाता, तत्त्ववेत्ता, महा पराक्रमी, कूटनीतिज्ञ, एक पत्नीव्रती,सोलह सो विद्याओं का ज्ञाता, समरसता से परिपूर्ण,नारी सम्मान को सर्वोपरि रखने वाला, अधर्म का नाश और धर्म की स्थापना कर 'कृणवंतो विश्वमार्यम का संदेशबाहक ही बताया है। जो मानव मात्र के लिए प्रेरक और अनुकरणीय है।

बहादुरपुर में जुआ खेलते हुए 11 आरोपी पकड़ाए, 44,000 व जुआ सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर पुलिस को जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के पर्यवेक्षण में थाना बहादुरपुर प्रभारी उनि. नीलम सिंह यादव एवं पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुकावली स्थित एक मकान पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को मौके से पकड़ा गया ।

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे एवं घटनास्थल से 44,000 नगद तथा जुआ खेलने की सामग्री जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के प्रावधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। पकड़े गए आरोपीगण में सोनू उर्फ आदित्य गुर्जर, दीपेश कुशवाह, सचिन राठौर, वीरु उर्फ विक्रांत उर्फ वीरेन्द्र कुशवाह, कुलदीप दांगी, संतोष साहू, इकबाल खान, इरशाद खां, विनोद सरवईया, गोधन सिंह दांगी एवं महेन्द्र सिंह दांगी, सभी निवासी ग्राम कुकावली थाना बहादुरपुर के शामिल हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. नीलम सिंह यादव, सउनि हेमराज मीणा एवं सउनि देव सिंह, प्रधान आरक्षक पुष्पराज, प्रधान आरक्षक कृष्णपाल, आरक्षक विवेक,आरक्षक नैनक राम तथा एफआरवी चालक विक्रम जाट की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में लेटरल एंट्री से द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर

अशोकनगर। शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज अशोकनगर में सत्र 2026-27 के लिए इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्रों के प्रथम वर्ष में प्रवेश एवं कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के पूर्व राउंड की समाप्ति के उपरांत तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) ने एक और मौका दिया है। खाली सीटें भरने डीटीई ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का अतिरिक्त कार्यक्रम जारी किया है। विद्यार्थी 20 अगस्त से 14 सितम्बर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे तथा तय तारीखों में कॉलेज में पहुचकर उपलब्ध सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के उपरांत उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सीएलसी से प्रवेश प्राप्त करने हेतु दिनांक 22, 24, 27, 29 और 31 अगस्त के अलावा 2, 5, 8, 10, 12 और 14 सितम्बर तक संस्था में काउंसलिंग राउंड का आयोजन किया जाएगा। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंको के आधार पर एवं लेटरल एंट्री से कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में किया जायेगा। इच्छुक छात्र राउंड का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराके उपरोक्त तिथियों में संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित हो सकते है। कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओ में शेष बची हुई सीटों पर प्रवेश प्रदान किया जा रहा है।उक्त प्रक्रिया सीटों के रिक्त रहने पर 14/09/2026 तक संचालित की जाएगी।

सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत तो सफाई करने भागे आए नपाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 14 में एक खुले प्लांट के भीतर कचरे पड़ा होने के कारण फैल रहे प्रदूषण को समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ड वासियों को सीएम हेल्पलाइन लगाने पड़ी। आश्चर्य की बात तो यह है कि इससे पहले वार्ड वासी नगर पालिका दफ्तर में पहुंचकर सफाई के लिए आवेदन देने के साथ स्थानीय पार्षद से कई बार अनुरोध कर चुके थे पर सुनवाई नहीं होने पर वार्डवासियों नें सीएम हेल्पलाइन लगा दी जिसके बाद शुक्रवार को नपा अमले नें मोके पर पहुंचकर कचरा सफाई की। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड में खुले पडे स्थान पर कचरा डाला जा रहा था, कचरा डालने से रोकने पर सफाई कर्मचारियों से विवाद हो रहा था वार्ड पार्षद से कई बार सफाई के लिए बोला गया लेकिन पार्षद लगातार अनसुनी कर रहा था इसके बाद वार्ड के एक जागरूक नागरिक ने सीएम हेल्पलाइन लगा दी। हेल्पलाइन लगते ही नगर पालिका से कॉल आ गया कि सफाई हो जाएगी सीएम हेल्पलाइन कार्ड कटवा दो लेकिन वार्ड वासी ने स्पष्ट बता दिया कि वह सीएम हेल्पलाइन तब तक नहीं कटवाएंगे जब तक उनकी समस्या का निराकरण नहीं होगा जिसके चलते शुक्रवार को नगर पालिका के एचओ सत्यभानु जाटव ट्राली जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और कचरे को भरवाकर टचिंग ग्राउंड भिजवा दिया। और इसी के साथ लगाई गई से हेल्पलाइन भी विलोपित करवा दी गई।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अविनाश रघुवंशी निवासी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनम ओझा, प्रिन्स अहिरवार, बलराम मीणा, माला मराठा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा निवासी हरवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूपेन्द्र और खच्चू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी नीकेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अक्की सोनी, नमन सोनी, छोटू कोली, जितेन्द्र कोली व अन्य दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से प्राणपुर निवासी दिनेश सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नीकेश विकास और बृजेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी जंडेल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जनवीर सिंह राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलावन निवासी जगदीश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू, मोहर और माखन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली पुलिस ने कमलेश श्रीवास्तव निवासी रायपुर की शिकायत पर से महेश कुमार श्रीवास्तव निवासी रायपुर के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। मामला नगरपालिका अशोकनगर क्षेत्र का है। जिसमें भाई द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वयं का माता पिता का अकेला बारिस बताकर धोखाधड़ी पूर्वक जमीन अपने नाम करवा ली, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

जेल की 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भागा कैदी 13 दिन बाद भी बेसुराग

श्योपुर जेल से कैदी भागने के मामले में जेलर और चीफ को नोटिस, गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर जिला जेल की 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भागा कैदी धर्मेन्द्र कुशवाह 13 दिन बीतने के बाद भी पकडा नहीं जा सका है। इस मामले को लेकर जहां श्योपुर जेल के दो जेलकर्मियों को सस्पेंड किया जा चुका है। वहीं श्योपुर जेलर प्रभात कुमार और चीफ पप्पूलाल बाथम की भी इस मामले में लापरवाही सामने आई है। जिसके चलते इन दोनों को भी सेंट्रल जेल अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है।

जेल के सूत्र बता रहे है कि विभागीय स्तर पर चल रही जांच के दौरान जेलर प्रभात कुमार और चीफ पप्पूलाल बाथम की भी जेल में कैदियों की सुरक्षा संबंधी गंभीर लापरवाही सामने आई है और इस गंभीर लापरवाही के चलते इनके ऊंपर जेल मुख्यालय स्तर से विभागीय कार्रवाई की गाज भी गिर सकती है। बता दें कि 22 अगस्त की दोपहर को श्योपुर जेल से कैदी धर्मेन्द्र कुशवाह पुत्र सुरेन्द्र कुशवाह निवासी पलाचया, पुलिस थाना बेलगढ़ा, ग्वालियर उस समय चादरो के जरिए बनाई रस्सी से जेल की दीवार फांदकर भाग गया,जब श्योपुर जेल के अंदर गीता पाठ का ऑनलाइन प्रशिक्षण चल रहा था। कैदी के भागने के करीब डेढ घंटे बाद श्योपुर जेल प्रशासन को इस घटना का पता चला। जिसके तुरंत बाद जेल प्रशासन और बंदी रक्षकों में खलबली मच गई। एहतियात के तौर पर सभी बैरकों के बंदियों को बाहर निकालकर गिनती कराई गई, लेकिन धर्मेन्द्र का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। कैदी के जेल से भागने के इस मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर सेंट्रल जेल शिवपुरी के अधीक्षक विदित सिरवैया के द्वारा ड्यूटी पर मौजूद मुख्य प्रहरी ब्रजेन्द्र नरवरिया तथा शिक्षक मुकेश पलिया को सस्पेंड कर दिया गया है।

एफआईआर दर्ज कराने में भी हुई देरी

श्योपुर की जिला जेल से कैदी के भागने की घटना की एफआईआर दर्ज कराए जाने में भी एक दिन की देरी हुई है। दरअसल कैदी के भागने की घटना 22 अगस्त की दोपहर को हुई थी, जबकि कोतवाली थाने में इसकी एफआईआर एक दिन बाद यानि 23 अगस्त को दर्ज हुई है। अब सवाल यह है कि एफआईआर में देरी जेल प्रशासन की वजह से हुई या फिर पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज करने में देरी की गई।

रेप के मामले में डबरा की जेल में भी बंद रहा था धर्मेंद्र

श्योपुर जेल से भागे कैदी धर्मेन्द्र कुशवाह का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। उसके खिलाफ कराहल थाने में एक नाबालिग बालिका का अपहरण करने संबंधी मामला दर्ज था। इस मामले में कराहल थाना पुलिस ने उसे अरेस्ट करके श्योपुर जेल में भेजा गया था और वह श्योपुर जेल से फरार हो गया। बता दें कि श्योपुर जेल में बंद होने से पहले धर्मेन्द्र कुशवाह दुष्कर्म के एक मामले में डबरा की जेल में भी बंद रह चुका है।

इनका कहना है...

श्योपुर जेल से कैदी के भागने के मामले में ड्यूटी पर तैनात दो जेलकर्मियों को निलंबित किया चुका है। वहीं श्योपुर के प्रभारी जेल अधीक्षक और चीफ को भी नोटिस दिया गया है। इस मामले की जांच रिपोर्ट कंपलीट करके उसका प्रतिवेदन मुख्यालय की ओर भेजा जा रहा है।

विदित सिरवैया, जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल शिवपुरी

श्योपुर जेल से भागे कैदी धर्मेन्द्र कुशवाह का फिलहाल कोई सुराग नहीं है,लेकिन कोतवाली पुलिस के द्वारा उसकी तलाश की जा रही है।

सुरेश सिंह धाकड़ उप निरीक्षक कोतवाली श्योपुर

लीनेस क्लब द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन



अशोकनगर। लीनेस क्लब द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों द्वारा सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें क्लब की सदस्य प्रीति बंसल, रानी नामदेव ,सोनम सोनी, द्वारा ब्लड डोनेट किया।

सर्वश्रेष्ठ दानों में से रक्तदान ही महादान बताया गया है रक्तदान करने से किसी की जीवन की सुरक्षा या दुर्घटना में किसी की जान बचाने के लिए या सेवा होती है ।किसी भी स्वस्थ व्यक्ति द्वारा स्वत या महादान ब्लड डोनेट किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थिति रही क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल प्रांतीय सचिव डॉ रजनी शुक्ला, प्रीति बंसल सीमा बत्रा अनुज अग्रवाल विनीता अग्रवाल प्रिया खुराना रानी नामदेव सोनम सोनी राशि गुप्ता नीतू शिवहरे सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं एवं यह आश्वासन दिया कि आगे भी ऐसे शिविर का आयोजन करते रहेंगे।

जगह-जगह फूलों की हुई वर्षा, मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा

वर्षा की फुहारों के बीच शहर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर अशोकनगर शहर कृष्णमय नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण के दरबार में श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ पूजा अर्चना की, पूरे दिन शहर के मंदिर श्रद्धालुओं से भरे रहे। रिमझिम वर्षा की फुहारों के बीच शहर में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कई झांकियां निकाली गईं। शोभायात्रा में फूलों की वर्षा की गई, जगह जगह भगवान श्री कृष्ण की आरती की गई।

अशोकनगर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर वैसे तो एक दर्जन से अधिक हैं लेकिन जो मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आर्कषण का केन्द्र रहें उनमें युगल सरकार मंदिर, और पुंडरीकाक्ष मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। आस्था और भक्ति के थाल लेकर श्रद्धालु प्रभु के दरबार में पहुंचे और पूजा अर्चना कर, भगवान श्री कृष्ण के द्वारा जन जन को दिए गए संदेश के साथ गीता के सार पर चर्चा की गई। सुबह 5 बजे युगल सरकार मंदिर में भगवान की मंगल आरती की गई और गौशाला में गायों का पूजन किया गया।

दोपहर 11 बजे युगल सरकार मंदिर से भगवान की भव्य शोभायात्रा भक्ति भाव से निकाली गई, इस शोभायात्रा में भगवान का विमान भी निकाला गया। यह शोभा यात्रा शहर के वायपास रोड़, ओवर ब्रिज, गांधी पार्क, इन्द्रापार्क सुभाषगंज, स्टेशन रोड़ होते हुए वापिस युगलसरकार मंदिर पहुंची इस शोभा यात्रा में मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व सांसद व मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति विभाग के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव, श्रीकृष्ण संस्थान अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव और यादव महासभा अध्यक्ष केपी यादव सेमरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल थे।

शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकिया भी निकाली गईं

इस शोभा यात्रा में कई झांकिया सजाई गई थी जिसमें नंदबाबा का दरबार,राधाकृष्ण का दरबार, पूतना वध आदि झांकिया शामिल थीं। इस दौरान एक तोप के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के विमान पर फूलों की वर्षा की जा रही थी, श्रद्धालु भगवान की भक्ति में सरावोर होकर चल समारोह में नांचते गाते हुए नजर आए। समाज सेवी संस्थाओं द्वारा भी चल समारोह के मौके पर फूलों की वर्षा की गई। यह चल समारोह युगल सरकार मंदिर पहुंचा जहां भगवान की सामुहिक आराधना की गई, जिले भर से आए भक्तों ने भंडारे में प्रसादी प्राप्त की। शोभायात्रा में गजराज खास आकर्षण का केंद्र रहा। बड़नगर का बैंड और दुलदुल घोड़ी के साथ देशी बाजे भी लोगों को नांचने के लिए आकर्षित करते रहे।



आंगनबाड़ी केंद्रों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई

नौनिहालों ने कान्हा बनकर बांधा समां।

अशोकनगर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला अशोकनगर द्वारा जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित नौनिहालों को भगवान श्री कृष्ण के रूप में सुंदर वेशभूषा एवं आभूषणों से सजाया गया। बाल गोपाल के रूप में सजे बच्चों की मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने केन्द्रों को फूल-मालाओं तथा झूलों से सजाकर उत्सव का माहौल तैयार किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भगवान श्री कृष्ण के जीवन एवं शिक्षाओं से रोचक ढंग से अवगत कराया गया तथा उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणजनों में प्रसाद वितरण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ भजन-कीर्तन एवं झांकी प्रस्तुत कर उत्सव को यादगार बनाया। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रति समुदाय की सहभागिता एवं जुड़ाव भी बढ़ता है। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इस उत्सव को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया।

पिपरई नगर में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा

पिपरई। नगर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर पिपरई में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन किया तथा मंदिर में आकर्षक झांकी सजाई गई।

इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को विमान में विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े और पालकी के साथ भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भक्तिमय



वातावरण में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। नगरवासियों ने अपने घरों के सामने सुंदर रंगोलियां सजाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती की और श्रद्धापूर्वक प्रसाद एवं भेंट अर्पित की। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन में मुंगावली विधानसभा के विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व सांसद डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं नगर के नागरिक बंधु शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा में सहभागिता की। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों द्वारा जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए फलाहार, जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। पूरे नगर में दिनभर भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ जन्मोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया।

हायर सेकेंड्री स्कूल में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



शाढ़ौरा। मटकी फोड़ प्रतियोगिता के माध्यम से उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल शाढ़ौरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव उत्साह उमंग से मनाया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया । स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को दोपहर 3 बजे विशाल स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी के साथ स्टाफ एंव छात्रों ने मां सरस्वती बंदना के साथ किया जिसमें 195 प्रतियोगीओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया 3 मटकीओ को फोड़ने के लिए पृथक पृथक आयोजन किया गया। खुले आसमान में सुहाने मौसम में हल्की बूंदाबांदी के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मटकी फोड़ आयोजन ने छात्रों के उत्साह को धर्म में बना दिया। जयकारों के बीच श्रीकृष्ण बने छात्रों ने मटकी फोड़कर आंनद उठाया आयोजन में प्रथम पायदान का पुरस्कार आयुषी सेन द्वितीय स्थान रीना साहू एवं तृतीय स्थान का पुरस्कार खुशी रोशन को दिया गया इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शैलेन्द्र जैन ने किया।

जिला जेल में पहुंचे कलेक्टर

जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला जेल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर भगवान की पूजा अर्चना की गई, बंदियों को फलों का वितरण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर साकेत मालवीय, मध्यप्रदेश आपूर्ति निगम के अध्यक्ष केपी यादव, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने तस्वीर के सामने दीप जलाकर आरती की। इस दौरान श्रीकृष्ण संस्थान के अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव ने बंदियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में जीवन को सही दिशा देने वाले उपदेश दिए हैं। अगर इन्हें जीवन में अपना लिया जाए, तो व्यक्ति गलत रास्ते पर जाने से बच सकता है। उन्होंने बंदियों से कहा कि वे दोबारा जेल न आएं, भगवान से ऐसी प्रार्थना करें। इसके बाद बंदियों को फल बांटे गए।

गौ सेवकों के लिए थाना प्रभारी ईसागढ़ की सराहनीय पहल

थाना प्रभारी ईसागढ़ मीना रघुवंशी ने गौ सेवकों को उपलब्ध कराए रेडियम बेल्ट एवं दवाइयां



ईसागढ़। गौ सेवा के कार्य में जुटे गौ सेवकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी द्वारा सराहनीय पहल की गई। थाना प्रभारी ने गौ सेवकों को रेडियम बेल्ट एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। रेडियम बेल्ट से रात्रि के समय सड़क पर घूमने वाले गोवंश की पहचान आसानी से हो सकेगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में मदद मिलेगी। वहीं दवाइयां घायल एवं बीमार गोवंश की प्राथमिक देखभाल में उपयोगी होंगी।इस अवसर पर गौ सेवकों ने थाना प्रभारी ईसागढ़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन और समाज के सहयोग से गौ सेवा का कार्य और बेहतर तरीके से किया जा सकता है। थाना प्रभारी ईसागढ़ की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

आरोपी द्वारा किसी और के दस्तावेज पर सिम जारी की

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत पुलिस ने दस्तावेज किसी और कि सिम किसी और के नाम पर जारी किए जाने पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तिवारी मोबाइल शॉप बस स्टेण्ड मुंगावली द्वारा किसी और के दस्तावेज पर किसी अन्य व्यक्ति को सिम जारी किए जाने पर रणवीर लोधी ग्राम बरवाह के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार कचनार पुलिस ने विवेक पुत्र नारायण सिंह अहिरवार निवासी झीला के विरूद्ध सिम धारकों के दस्तावेज प्राप्त कर उनके नाम पर सिम एक्टीवेट कर अन्य को भेजी गई जिसका उपयोग साइबर अपराधों में किया गया, जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

रिमझिम हो रही वर्षा से कई कच्चे मकान गिरने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर में लगातार हो रही रिमझिम वर्षा 2 दिन से जारी होने के कारण पुराने कईं मिटटी के कच्चे घर गिरने लगें है। जैन मन्दिर गली शिव मंदिर के पास बने पुराने मकान जो अनीस खां शकील खां दोनों भाइयों का है वह गिरने की कगार पर है।

यह आम रास्ता भी है इस सड़क मार्ग पर आना जाना भी लगा रहता है, वहीं शिव मंदिर के पास एक और कच्चा घर है, वह भी वर्षा से गिरने की कगार पर हैं वह राजा सोनी का है, तथा गांव मैं ओर भी पुराने मकान बने हुए हैं उनको रिम झिम वर्षा से नुकसान हुआ है। इधर गांव की नदी अभी भी खाली पडी है क्योंकि जब तक जोरदार वर्षा नहीं होंगी तब तक नदी में पानी कम हैं।





लीनेस क्लब द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान


अशोकनगर। शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, शिक्षक हमें पढ़ाते ही नहीं बल्कि अच्छा इंसान भी बनना सिखाते हैं, वह हमारे चरित्र का निर्माण करते हैं एवं सही राह दिखाते हैं। हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इसी क्रम को ध्यान में रखते हुए लीनेस क्लब द्वारा क्लब की सदस्य जो शिक्षिका के पद पर है, डॉक्टर रजनी शुक्ला, गंगा रघुवंशी, लवली रघुवंशी एवं सोनम सोनी इन सभी का क्लब द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लिटिल स्टार जूनियर क्लब के बच्चों ने सराहनीय कार्य किया शिक्षक दिवस की तैयारी क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर जोर-जोर से उत्साह के साथ की संपन्न कार्यक्रम शिक्षकों के परिचय रश्मि मिगलानी सीमा बत्रा अरुणा अरोड़ा रश्मि जैन द्वारा संक्षिप्त परिचय दिया गया। कार्यक्रम का संचालन या खुराना द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल सुनीता अग्रवाल क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल सचिब रश्मि अग्रवाल विजय अग्रवाल मेघा भंवर प्रीति बंसल अनुज अग्रवाल विनीता अग्रवाल राशि गुप्ता रश्मि अग्रवाल बमोरी रानी नामदेव उपस्थिति रही।

गुरु-शिष्य का संबंध समर्पण का होता है, जिसमें कोई शर्त नहीं होती: मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में साइंस ऑफ रिलेशनशिप पर चर्चा करते हुए गुरुदेव ने कहा कि गुरु-शिष्य का जो सम्बन्ध होता है, वह समर्पण का सम्बन्ध होता है। बिना समर्पण के शिष्य की कोई पहचान नहीं होती और समर्पण में कोई शर्त नहीं होती।

भारतीय सनातन संस्कृति के इतिहास में भी एक ऐसी ही ऐतिहासिक गुरु-शिष्य की परम्परा है, जिसे द्रोणाचार्य और एकलव्य के नाम से जाना जाता है। जैन आचार्यों ने भी महाभारत पर काफी लिखा है। पाण्डव पुराण आदि ग्रन्थों में उस काल का सम्पूर्ण वर्णन पढ़ने को मिलता है। एकलव्य एक भील था और द्रोणाचार्य राजगुरु थे। इसलिये वे मात्र राजपुत्रों को ही शिक्षा दे सकते थे। इसलिये उन्होंने इस भील को शिक्षा देने से इंकार कर दिया। पर एकलव्य का इरादा भी अटल था। आप मुझे अपना शिष्य मानें या ना मानें परन्तु आप ही इसी समय से मेरे गुरु हैं। ऐसा कहकर वह वन में गया और उसने द्रोणाचार्य की एक प्रतिमा बनायी। जो दिखने में बिल्कुल द्रोणाचार्य की ही तरह थी। और जिस प्रकार एक भक्त अपने भगवान की आराधना करता है, बस उसी तरह उसने भी इस प्रतिमा की आराधना और साधना की। जब यह बात द्रोणाचार्य जी को पता चली, तो उनका अन्तरूस्थल करुणा से भर गया। उन्होंने विचार किया कि इस भील को भी शिष्य बनाना है और अर्जुन को दिया वचन भी निभाना है। इसलिये इससे गुरु दक्षिणा में कुछ ऐसा विशेष माँगा जाये ताकि इतिहास इसके उस समर्पण के कारण इसे युगों-युगों तक याद रखे।



इतिहास जब भी लिखा जाता है, राजपुत्रों का ही इतिहास लिखा जाता है। इस एकलव्य को भी मुझे इतिहास पुरुष बनाना है। आज अर्जुन अवार्ड भी है और एकलव्य अवार्ड भी है। आज अर्जुन के नाम से खेल मैदान है, तो एकलव्य के नाम पर भी खेल मैदान है। आज अर्जुन के नाम पर विश्वविद्यालय है, तो एकलव्य के नाम पर भी विश्वविद्यालय है। आज अर्जुन का इतिहास है, तो एकलव्य का भी इतिहास है। गुरु द्रोणाचार्य तो स्वयं को बदनाम कर गये परन्तु एकलव्य का इतिहास में अमिट नाम कर गये। कौरव आदि पाण्डवों की उपस्थिति में द्रोणाचार्य ने एकलव्य को गुरु दक्षिणा के बहाने शिष्यत्व दे दिया एवं कौरव और पाण्डवों को समर्पण का जीवन्त सन्देश दे दिया। आज इतिहास एकलव्य को जान रहा है, मान रहा है, पर क्या कोई द्रोणाचार्य की सोच को समझ पा रहा है। गुरु को समझना खेल नहीं होता, गुरु जैसा दुनिया में कोई नहीं होता।

क्रमोन्नति के अनुसार वेतन और पेंशन निर्धारण की मांग, बीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

35 वर्षीय क्रमोन्नति सूची में शामिल सेवारत और सेवानिवृत्त शिक्षकों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया को ज्ञापन सौंपकर क्रमोन्नति के अनुसार नवीन वेतन और पेंशन निर्धारण की मांग की है। शिक्षकों का गंभीर आरोप है कि राज्य शासन द्वारा पांच माह पूर्व जारी शिक्षक हितैषी आदेश के पालन में शिक्षा विभाग के अधिकारी और लिपिक रुचि नहीं ले रहे हैं।

राज्य शासन द्वारा 5 माह पहले दिए गए स्पष्ट निर्देशों के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों एवं लिपिकों की टालमटोल नीति के कारण शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति के वाजिब आर्थिक लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। 35 वर्षीय क्रमोन्नति सूची और आईएफएमआईएस सत्यापन का



शीघ्र कार्रवाई और समयबद्ध पारदर्शी प्रक्रिया की मांग

शिक्षकों ने बीईओ चंद्रशेखर सिसोदिया से पुरजोर मांग की है कि सेवा पुस्तिकाओं के पोर्टल पर अपलोडिंग एवं सत्यापन की प्रक्रिया बिना किसी अनावश्यक विलंब के शीघ्र पूर्ण कराई जाए। इससे पात्र सेवानिवृत्त एवं सेवारत शिक्षकों को उनका वाजिब वित्तीय व पेंशन संबंधी लाभसमय पर प्राप्त हो सकेगा। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से उपस्थित शिक्षक,महेंद्र कुमार जैन (व्याख्याता),संजय चैधरी,प्रदीप श्रीवास्तव,रविंद्र बापट,रविंद्र भारद्वाज, राजेश चतुर्वेदी, नंदकिशोर त्यागी,अशोक श्रीवास्तव,शिखर जैन,संतोष जैन, खेमराज पाल,उदय सिसोदिया आदि शामिल थे।

दिया हवाला। शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 35 वर्षीय क्रमोन्नति के पात्र शिक्षकों की सूची जारी की जा चुकी है। 10 अगस्त को डीईओ द्वारा जारी निर्देशानुसार चतुर्थ क्रमोन्नति के लिए सभी पात्र शिक्षकों की सेवा पुस्तिका पोर्टल पर अपलोड कर कोष एवं लेखा से सत्यापित कराई जानी अनिवार्य है।

राजघाट बांध के रात 10 बजे से 8 गेट खोले जाएंगे, चंदेरी-ललितपुर मार्ग बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर चंदेरी और ललितपुर के बीच बने राजघाट उर्फ लक्ष्मीसागर सागर बांध में जल भराव अधिक होने से सुबह से 5 गेट खोले गए हैं और रात 10 बजे से 8 गेट खोले जाएगें। डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा जिससे पुल पर पानी अधिक होने से आवागमन बंद रहेगा।

राजघाट बांध के जेई पुष्पेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि राजघाट बांध में सुबह से 5 गेट खोले गए थे और 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था, लेकिन लगातार डेम में पानी बढ़ने से रात 10 बजे से 8 गेट खोले जाएंगे और डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। जिसके कारण अशोकनगर,जिले की चंदेरी और ललितपुर के बीच पुल पर पानी होने से आवागमन बंद रहेगा। ज्ञात हो कि बांध के 16 गेट हैं जिसमें 8 गेट खोले जाएंगें। यह बांध वेतवा नदी पर बना है, जिसमें विदिशा रायसेन भोपाल और अशोकनगर जिले में वर्षा होने से डेम के जल स्तर में वृद्धि हो जाने के बाद यह बांध के गेट इस मौसम में दूसरी बार खोले जाएंगे।

अमाही तालाब में जल स्तर 1 फिट और बढ़ा

अशोकनगर शहर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही जलाशय में पानी का जल स्तर बढ़ने की शहर के लोगों को व्यापक चिंता है, एक दिन पहले से हो रही वर्षा के बाद लोगों ने उम्मीद जताई थी कि अमाही जलाशय में जलस्तर बढ़ा होगा, दो दिन पहले तक अमाही जलाशय में पानी का स्तर 13 फिट था नगरपालिका के सीएमओं विनोद उन्नीतान ने बताया कि तालाब के जल स्तर में 1 फीट की वृद्धि हुई है अब जल स्तर 14 फिट पर पहुंच गया है। तालाब में अभी 9 फिट पानी की और जरूरत है, 120 वर्ष पुराने इस तालाब में 23 सीढ़ियां है यह सभी सीढ़ियां एक एक फिट की हैं जैसे जैसे जल स्तर बढ़ता जाता है वैसे वैसे सीढ़ियां डूबती जाती हैं। अब तक 14 सीढ़ियां डूब चुकी हैं। आने वाले दिनों में अगर अच्छी वर्षा हुई तो तालाब का जल स्तर बढ़ने की संभावना है। अशोकनगर के तुलसी सरोवर में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आया है, तालाब में अभी कम से कम 2 से 3 फिट पानी की और जरूरत है।



अशोकनगर जिले में पिछले 24 घण्टों में अगर वर्षा की बात करें तो, सबसे अधिक 69 मिलीमीटर वर्षा चंदेरी में दर्ज की गई है जबकि अशोकनगर में 32 मिलीमीटर, ईसागढ़ में 25 मिलीमीटर और मुंगावली में 44 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। अशोकनगर शहर में गुरूवार को पूरे दिन धीमी बारिस होती रही, जो शुक्रवार को आधे दिन तक जारी रही, अब तक अशोकनगर जिले में 72.34 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है, जो कुल वर्षा 638 मिलीमीटर है, जिसमें अशोकनगर तहसील में अब तक 450 मिलीमीटर, चंदेरी में 765 मिलीमीटर, ईसागढ में 456 मिलीमीटर, और मुंगावली में सर्वाधिक 881 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव,चल समारोह और धर्मसभा का आयोजन होगा


मुंगावली। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर मुंगावली में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसमे यादव महासभा द्वारा शनिवार को सुबह 10 बजे से चल समारोह निकाला जाएगा। जो नगर परिषद ग्राउंड से चन्देरी रोड़ बस स्टेंड पुराना बाजार मल्हारगढ़ रोड़ इमली चैराहा पोस्ट ऑफिस चैराहे से नगर परिषद ग्राउंड पर धर्म सभा आयोजित की जाएगी। चल समारोह में भगवान श्री कृष्ण के तस्वीर को घोड़ा बग्गी में पूजन के साथ प्रारंभ हुए जुलूस में घोड़ा बग्गी डीजे बैंड बाजे के साथ दिल दिल घोड़ी भी आकर्षक रहेगी तत्पश्चात मंच पर भगवान श्री कृष्ण का बिधि विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव पूर्व मंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजयप्रताप सिंह यादव पूर्व सांसद डॉ चंद्रपाल सिंह यादव आदि रहेंगे मौजूद।

अकेले सुरेंद्र के फौलादी इरादों ने बदल दी अजनार की तस्वीर

कभी कचरे का ढेर थी नदी, 'बिट्टू' के पसीने से लौटी रौनक, आनंद महिंद्रा भी कर चुके हैं सलाम

संतोष गोस्वामी ▶▶| ब्यावरा (राजगढ़)

इरादे अगर फौलादी हों, तो अकेला इंसान भी पूरी तस्वीर बदल सकता है। ब्यावरा की जीवनदायिनी 'अजनार नदी' आज इसका सबसे बड़ा और जीवंत उदाहरण बन चुकी है। हर साल मानसूनी बारिश के आते ही जिन घाटों और किनारों पर जलकुंभी, पॉलीथिन और सड़ांध मारते कचरे के अंबार तैरते दिखाई देते थे, आज उसी अजनार की लहरें कांच की तरह चमक रही हैं। यह सुखद बदलाव किसी बड़े बजट या सरकारी योजना से नहीं, बल्कि शहर के कर्मठ युवा सुरेंद्र सिंह चौधरी उर्फ 'बिट्टू तबाही' के अकेले दम पर लड़े गए संघर्ष का नतीजा है।







मार्च से शुरू हुआ महाअभियान, हाल ही में अस्पताल रोड घाट को भी चमकाया

अजनार को नया जीवन देने का यह सफर मार्च के महीने में शुरू हुआ था। उस समय भीषण गर्मी की दस्तक के बीच नदी कचरे और दलदल से कराह रही थी। सुरेंद्र सिंह चौधरी (बिट्टू) ने बिना किसी प्रशासनिक मदद या भीड़ का इंतजार किए अकेले ही नदी के गंदे पानी में कदम रख दिया। अपने पहले ही प्रयास में उन्होंने दो प्रमुख घाटों से टनों कचरा, जलकुंभी और प्लास्टिक बाहर निकालकर नदी का दम घुटने से बचाया। बिट्टू की यह मुहिम केवल एक बार की सफाई तक सीमित नहीं रही। अपनी इसी जिद को जारी रखते हुए उन्होंने महज 10 दिन पहले अस्पताल रोड वाले घाट पर फिर से मोर्चा संभाला और अकेले ही पूरे घाट से कचरा व गंदगी साफ कर उसे बिल्कुल चमका दिया। जब बिट्टू ने मार्च महीने में सफाई अभियान शुरू किया तब आनंद महिंद्रा ने एक ट्वीट किया था।

उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने आलोचकों को दिया जवाब

जब बिट्टू ने नदी सफाई के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए, तो कुछ लोगों ने उन पर केवल 'व्यूज और लाइक्स पाने का स्टंट' करने का आरोप लगाया। लेकिन देश के दिग्गज उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने इन आलोचकों को करारा जवाब देते हुए बिट्टू की पीठ थपथपाई।

आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर बिट्टू का वीडियो शेयर करते हुए लिखा

इस युवक की आलोचना इस बात के लिए की गई कि उसने सोशल मीडिया व्यूज पाने के लिए नदी साफ करने का दावा किया। हम अक्सर शिकायत करते हैं कि सोशल मीडिया काम की चीजों के बजाय फिजूल चीजों को बढ़ावा देता है। ऐसे में अगर 'लाइक्स' पाने की चाहत किसी अच्छे काम की ताकत बन जाए, तो मुझे इससे कोई गुरेज नहीं है... ब्यावरा के बिट्टू तबाही...

स्वतंत्रता दिवस पर राज्यमंत्री और कलेक्टर ने किया सम्मानित

सुरेंद्र सिंह चौधरी के इस जमीनी प्रयास की गूंज शासन-प्रशासन तक भी पहुंची। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिट्टू को मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार और राजगढ़ कलेक्टर द्वारा मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ब्यावरा के प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों ने भी बिट्टू का नागरिक अभिनंदन कर यह साबित किया कि समाज अपने सच्चे नायकों को कभी अनदेखा नहीं करता।

बारिश में दिख रहा पसीने का परिणाम

आमतौर पर बारिश की शुरुआत में शहर की सारी गंदगी बहकर नदी को बदबूदार नाला बना देती थी, लेकिन इस बार नजारा पूरी तरह बदला हुआ है। सुरेंद्र द्वारा मार्च से लेकर अब तक लगातार की गई सफाई का असर यह है कि बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के कलकल बह रहा है। किनारों पर न तो प्लास्टिक के ढेर हैं और न ही बदबू; पानी इतना निर्मल है कि नदी का वास्तविक प्राकृतिक सौंदर्य लौट आया है। अजनार की यह बहती धारा आज हर किसी को यही संदेश दे रही है कि व्यवस्थाओं पर सवाल उठाने के बजाय अगर एक व्यक्ति भी सुधार की ठान ले, तो प्रकृति उसका कर्ज दोगुनी खूबसूरती के साथ लौटाती है।

शिक्षक दिवस पर विशेष

शिक्षा को नौकरी नहीं जिम्मेदारी मानती हैं प्रो. संगीता गुप्ता

अर्थशास्त्र की प्रोफेसर से प्राचार्य तक का सफर, विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में जुटी हैं



सारंगपुर। शिक्षक वह होता है जो किताबों के ज्ञान से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों से लड़ना सिखाए। शिक्षक दिवस के अवसर पर ऐसी ही प्रेरणादायी शिक्षिका के रूप में प्रोफेसर संगीता गुप्ता, प्राचार्य, शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर, का उल्लेख किया जा सकता है। अर्थशास्त्र विषय की प्रोफेसर के रूप में उन्होंने लंबे समय तक विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने के साथ उन्हें व्यवहारिक जीवन की आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों को समझने की दृष्टि भी प्रदान की। प्रो. गुप्ता के लिए महाविद्यालय केवल शिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और उनके सपनों को दिशा देने का माध्यम है। प्राचार्य के रूप में उनकी प्राथमिकता महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर रहती है। वे मानती हैं कि आज का विद्यार्थी केवल डिग्री हासिल करने के लिए कॉलेज नहीं आता, बल्कि वह अपने भविष्य की नींव तैयार करने आता है। ऐसे में शिक्षक की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ आत्मविश्वास, संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव देना ही सच्ची शिक्षा है। शिक्षक दिवस पर प्रो. संगीता गुप्ता का संदेश है शिक्षक का सबसे बड़ा पुरस्कार उसके विद्यार्थी की सफलता और उसका बेहतर इंसान बनना है। यही सोच उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

टीईटी एग्जाम को लेकर जताएंगे विरोध

शिक्षक दिवस पर शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल में काम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला राजगढ़ द्वारा टीईटी के विरोध में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक एवं जिला अध्यक्ष शासकीय शिक्षा संगठन भगवान राणावत ने बताया कि सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचेंगे और अपना काम करेंगे। संयुक्त मोर्चे ने कहा है कि विभाग पहले यह स्पष्ट करे की किन शिक्षकों को परीक्षा देनी है और किन्हें छूट मिल रही है। परीक्षा देने वाले पात्र शिक्षकों की वर्षवार सूची जारी होने के बाद ही सही निर्णय लिया जाएगा। अभी सभी शिक्षक भ्रम की स्थिति में है इसीलिए किसी ने फॉर्म नहीं भरा है।



तो आंदोलन करेंगे शिक्षकों के संगठन

मोर्चे के जिला संयोजक सुरेश कुमार दांगी ने बताया की मध्य प्रदेश में वर्ष 1998 से लेकर 2004 तक रिक्त पदों पर जितनी भी नियुक्तियां की गई है वे सब शासन के द्वारा निर्धारित किए गए मानकों को पूर्ण करते हुए की गई है या फिर माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ही की गई है। वर्ष 2005 से 2009- 10 के बीच शासन ने व्यापमं की परीक्षा कराई और जिन शिक्षकों ने परीक्षा उत्तीर्ण की उन्हें नियुक्ति दी गई। फिर भी विभाग यह स्पष्ट नहीं कर पाया है की व्यापम परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षको को परीक्षा देना है या नहीं। मोर्चा पदाधिकारियों के अनुसार शिक्षकों ने 17 वर्ष से लेकर 27 वर्ष तक सेवा दी है और टीईटी अनिवार्य करना शिक्षकों के सम्मान के विरुद्ध है। मोर्चा जिला संयोजक चन्दर सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश में 1.50 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। उनके परिवार के माता-पिता बच्चों का भी जीवन प्रभावित हो रहा है सभी में भय उत्पन्न है। मोर्चे ने मांग की है कि शिक्षकों के भविष्य और परिवार हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से पूर्ण छूट दी जाए। नहीं तो आगामी समय में व्यापक आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजे नन्हे-मुन्ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर कृष्णमय हुआ



सारंगपुर। सरस्वती शिशु मंदिर सारंगपुर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी राधा-कृष्ण सहित विभिन्न मनमोहक वेशभूषाओं में सजकर पहुंचे। कार्यक्रम में ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, गुरुचरण गौड़ विभाग समन्वयक, अशोक साहू व्यवस्थापक एवं विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बन्ना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़ ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों एवं कर्मयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, धर्म, कर्तव्य एवं संस्कारों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां एवं नृत्य प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों का कृष्ण एवं राधा के रूप में सजना सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं कृष्णमय हो उठा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के आचार्य-दीदी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया।

मंदिरों में हर्ष उल्लास के साथ बना कृष्ण जन्मोत्सव

आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की, नारे से गूंजे मंदिर



सारंगपुर। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा के साथ लड्डू गोपाल का अभिषेक पूजन किया गया। वही राधा कृष्ण मंदिर रंगेरवाडी,कृष्ण कला मंदिर पटवावाडी,राधा कृष्ण मंदिर सोनी समाज, राधा कृष्ण मंदिर राठौर समाज, चतुर्भुज नारायण मंदिर,बिट्ठल मंदिर पंडितवाडी सहित नगर के विभिन्न देवालयों में कृष्ण जन्मोत्सव पर महाआरती एवं पूजन किया गया।मंदिरों में आरती के बाद आल की के पालकी जय कन्हैया लाल की, नारे से मंदिर गुंजायमान हो उठे,बारिश के कारण श्रद्धालु एक मंदिर से दूसरे मंदिर जाने में पानी से बचते हुए निकले लेकिन पानी ने अपनी रफ्तार कम नहीं की वही जन्माष्टमी के पर्व को देखते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी द्वारा पुलिस बल लगाया गया ।कुछ मंदिरों में सांकेतिक रूप से मटकी फोड़ आयोजन कर दही मिश्री की प्रसाद वितरित की गई ।

मंदिरों में साज-सज्जा कर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया, पूजा अभिषेक के साथ आरती व धार्मिक कार्यक्रम किए

जीरापुर में उत्साह रहा, शंखनाद, घंटियों और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीरापुर



भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा तथा धूमधाम से भगवान कृष्ण का प्राकट्य हुआ। जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई। मंदिरों को आकर्षक विद्युत रोशनी, फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं आरती के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए तथा देर रात भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय शंखनाद, घंटियों और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठें। इसी के साथ-साथ मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की मनमोहक झांकियां सजाई गई । श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं करके प्रसाद वितरण श्रद्धालु भक्तों को की। वहीं आसपास के गांवों में भी मंदिर समितियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जन्माष्टमी उल्लास से मनाई।बाजारों में भी जन्माष्टमी की रौनक देखने को मिली। दुकानों पर भगवान श्रीकृष्ण की पोशाक, मुकुट, बांसुरी, झूले और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। बच्चों में भी कान्हा के बाल स्वरूप को लेकर विशेष उत्साह हर्षोल्लास रहा वहीं बच्चे भी पीले वस्त्र धारण कर कृष्ण स्वरूप में अपने आप आकर्षक नजर आ रहे थे। इस पावन अवसर पर चौपड़ा बाजार स्थित बांके बिहारी जी मन्दिर, द्वारकाधीश मंदिर अन्टा पर , गोवर्धन नाथ जी कि हवेली ,श्री राधाकृष्ण मंदिर राठौर समाज, श्री राम मंदिर राठौर समाज गरूढ़ासीन भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर किशनगढ़ सहित पूरा नगर भक्ति और कृष्णमय वातावरण में रसमय हुआ। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया गया।

होली एंजल्स किड्स एकेडमी में धूमधाम से मना कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में सजे नन्हे-मुन्नो ने दी शानदार प्रस्तुतियां, भजनों पर जमकर थिरके बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरावर

होली एंजल्स किड्स एकेडमी स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण सहित विभिन्न धार्मिक पात्रों के आकर्षक रूप में सज-धजकर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न भजनों एवं धार्मिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण बिखेरा। नन्हे बच्चों की मासूम अदाओं, सुंदर वेशभूषा और शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया।

पूरे विद्यालय परिसर में कृष्ण भक्ति का रंग देखने को मिला। राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह और उमंग नजर आई।

विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों और प्रेम, सद्भाव एवं धर्म के संदेश से भी अवगत कराया गया। अंत में सभी ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ जन्माष्टमी पर्व की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। इस अवसर पर अभिभावक कैलास राज, डॉक्टर रविंद्र मीना, धीरज भावसर सहित अन्य अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

ग्रामीण युवाओं को उच्च गुणवत्ता युक्त पौध प्रबंधन तकनीक बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़



प्रशिक्षण में जिले से कुल 30 कृषक एवं महिला कृषकों ने भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन एवं माल्यार्पण कर की गई प्रशिक्षण आयोजक डॉ लाल सिंह वैज्ञानिक उद्यानिकी द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त पौध प्रवर्धन तकनीक में फलदार पौधे अनार,अमरुद, नींबू, आम, पपीता, कटहल एवं अलंकृत पौधों में बीज, कटिंग, गूटी, ग्राफ्टिंग एवं बुडिंग तकनीक को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक रूप से विस्तृत जानकारी दी गई डॉ एस. के. कौशिक वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा ग्रामीण युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु नर्सरी व्यवसाय से अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं साथ ही जिले में उच्च गुणवत्ता के फलदार पौधों का बाजार मूल्य पर भी चर्चा की गई श्रीमती गजाला खान वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी द्वारा उद्यानकी फसलों के साथ-साथ अन्य कृषि फसलों में मीडिया एवं विभिन्न स्त्रस्त्र२ के माध्यम से कृषि से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं कार्यक्रम के अंत में समस्त वैज्ञानिकों के साथ प्रशिक्षणियों का केंद्र की विभिन्न

एडवांस्ड किड्स एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया



जीरापुर। एडवांस्ड किड्स एकेडमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुरुआत विद्यालय के निदेशक गिरिराज गुप्ता ,प्राचार्य ई के जोशी, शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन, प्री-प्राइमरी इंचार्ज ममता चौहान द्वारा राधा-कृष्ण का पूजन करके की गई। विद्यालय के कक्षा 12 की विद्यार्थी मानवी गुप्ता द्वारा अपने भाषण में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर बताया कि कृष्ण ने बाल लीलाओं के माध्यम से ही असुरी शक्तियां को समाप्त किया। तत्पश्चात विद्यार्थी समूह द्वारा एक सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया । प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा धारण करके कार्यक्रम को सुशोभित कर रहे थे। तथा उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अलग-अलग समूहों द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर मटकी फोड़ी। प्राचार्य ई के जोशी ने कहा कि विधालय निरंतर रूप से विधार्थियों को मोटीवेट कर हर गतिविधि से सर्वांगिन विकास की ओर अग्रसर कर रही है ।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।